अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

पुराना हाईकोर्ट भवन बिलासपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) 495001
ई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in वेबसाईट : www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक/1556/परी.गोप./2020 दिनांक 10.09.2020

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय,
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

विषयः– परीक्षार्थियों को ऑनलाईन उत्तरपुस्तिका वेबसाईट पर उपलब्ध कराने बाबत् संशोधित एवं अन्य आवश्यक निर्देश।

संदर्भः– क्रमांक/1550/परी.गोप./2020 दिनांक 09.09.2020.

––00––

संदर्भित पत्रानुसार परीक्षार्थियों को उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय द्वारा वितरित किये जाने के निर्देश में आंशिक संशोधन करते हुये पूर्व में जारी निर्देशों के साथ–साथ निम्नानुसार निर्देश को भी जारी किया जाता है–

1. परीक्षार्थी यदि ऑनलाईन माध्यम से उत्तरपुस्तिका प्राप्त करना चाहता है तो उसे संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य को ऑनलाईन आवेदन प्रेषित करना होगा।
2. तत्पश्चात महाविद्यालय द्वारा ऐसे परीक्षार्थियों को ऑनलाईन निर्गमित की जाने वाली संभी उत्तरपुस्तिकाओं के प्रथम पृष्ठ को पृथक–पृथक स्कैन किया जायेगा। इसके साथ उत्तरपुस्तिका के द्वितीय पृष्ठ को भी स्कैन किया जायेगा।
3. ऐसे स्कैन किये गये सभी पृष्ठों को परीक्षार्थी के ई–मेल पर महाविद्यालय द्वारा प्रेषित किय जायेगा। इन स्कैन किये मुख्य पृष्ठ एवं अन्य पृष्ठ को शामिल करते हुये परीक्षार्थी 32 पृष्ठ की उत्तरपुस्तिकाबनाकर इसमें प्रश्नों का उत्तर लिखेगा।
4. किसी परीक्षार्थी के नाम से जारी ऑनलाईन प्रेषित सभी मुख्य उत्तरपुस्तिका की हॉर्डकापी को महाविद्यालय में पृथक रूप से संधारित किया जायेगा एवं माना जायेगा कि ये उत्तरपुस्तिकाएं परीक्षार्थी को प्रदान की गई है।
5. किसी परीक्षार्थी को स्कैन कर प्रेषित उत्तरपुस्तिका का पुनः प्रयोग नहीं किया जा सकेगा एवं अन्य परीक्षार्थी को पुनः उन्हीं कमांकों की उत्तरपुस्तिका प्रेषित नहीं की जायेगी।
6. यदि एक से अधिक परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन उत्तरपुस्तिका की मांग की जाती है तो पुनः नये कमांक की आवश्यक मात्रा में उत्तरपुस्तिकाओं के प्रथम एवं द्वितीय पृष्ठ की स्कैन प्रति प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया जाये।
7. महाविद्यालय में उपलब्ध 32 पेज की मुख्य उत्तरपुस्तिका ही परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराया जाये।
8. यदि महाविद्यालय में 24 पेज की उत्तरपुस्तिका उपलब्ध है तो इसमें आठ पृष्ठ की अतिरिक्त उत्तरपुस्तिका को स्टैपलर करते हुये इसे 32 पेज का बनाया जाये।
9. 32 पेज की बनाई गयी उत्तरपुस्तिकाओं के मुख्य उत्तरपुस्तिका का कमांक एवं पूरक उत्तरपुस्तिका का कमांक अभिप्रमाणक–पत्रक में दर्ज किया जाये।
10. सभी प्राचार्यो की ई–मेल आई.डी. एवं उनके दूरभाष कमांक विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर डाले जायेंगे यदि इनमें किसी प्रकार का संशोधन/परिवर्धन/निलसन आवश्यक हो तो तत्काल इसकी जानकारी गोपनीय विभाग के ई–मेल confidential@bilaspuruniversity.ac.in पर प्रेषित की जाये।
11. दिनांक 14.09.2020 को पाली अनुसार ई–मेल एवं छात्रों के यूजर–आई.डी. पर मॉक परीक्षण हेतु प्रश्न–पत्र प्रेषित किये जायेंगे इन प्रश्न–पत्रों को खोलकर देखा जाये, ताकि इस बात का निर्धारण हो सके कि प्रश्न–पत्र महाविद्यालयों/परीक्षार्थियों को समयानुसार प्राप्त हो रहे है या नहीं।
12. यदि उक्त तिथि को मॉक प्रश्न–पत्र प्राप्त करने में महाविद्यालय/परीक्षार्थी को कठिनाई होती है तो तत्काल विश्वविद्यालय को सूचित किया जाये।

10.09.20

परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)